हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 13 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 38.6°c
न्यूनतम 28.6°c

**नगर में आज**
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर 10 बजे
- निगम में आयुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर 10 बजे
- बंसीलाल स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 9 बजे।

# उद्घाटन हुआ, सुंदरीकरण नहीं... शीतला सरोवर के अस्तित्व पर संकट सीएम साहब! कब्जे हटवाकर शुरू करवाएं सात साल से अटका काम

## 400 साल पुराने शीतला सरोवर के संरक्षण के लिए महंत ने सीएम को पत्र लिख प्रशासन को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

400 साल पुराने इतिहास के साक्षी माता शीतला देवी मंदिर का पवित्र सरोवर आज बदहाली की तस्वीर बना है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार प्रदेश के तालाबों और सरोवरों के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर माता शीतला मंदिर का सरोवर पिछले सात वर्षों से फाइलों और अधूरी योजनाओं में उलझा है। अब मंदिर के महंत थानेश्वर दास ने सरोवर की जमीन पर बढ़ते अतिक्रमण और सौंदर्यीकरण कार्य में हो रही देरी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित प्रशासन को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

खास खबर

- 99.54 लाख का टेंडर भी नहीं दिला पाया सरोवर को संवारने की राह
- 2019 में मेयर और अधिकारियों ने कर दिया था सौंदर्यीकरण का उदघाटन
- लाखों लोगों की जुड़ी है आस्था



**कब्जों व विवादों के कारण आगे आने से बच रहे ठेकेदार**

माता शीतला देवी मंदिर से जुड़े पवित्र सरोवर के सौंदर्यीकरण की योजना एक बार फिर अधर में लटक गई है। नगर निगम ने सरोवर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 99.54 लाख रुपये का टेंडर जारी किया था, लेकिन निर्धारित समय तक किसी एजेंसी ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। चर्चा है कि सरोवर की जमीन पर बढ़ते अतिक्रमण और विवादों के कारण ठेकेदार आगे आने से बच रहे हैं। अब निगम ने टेंडर को रिकॉल कर दोबारा प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस बीच वर्षों से लंबित पड़े प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा नुकसान सरोवर की जमीन को हो रहा है।

### सिकुड़ता जा रहा सरोवर का मूल स्वरूप

स्थानीय लोगों का कहना है कि धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और सरोवर का मूल स्वरूप सिकुड़ता जा रहा है। यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में इसके अस्तित्व पर भी संकट खड़ा हो सकता है। प्रदेशभर में आस्था का केंद्र माने जाने वाले माता शीतला देवी मंदिर में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर से सटा शीतला सरोवर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन इसके संरक्षण और विकास की योजनाएं वर्षों से केवल कागजों तक सीमित हैं। 2019 में पूर्व मंत्री और नगर निगम आयुक्त ने सरोवर सौंदर्यीकरण परियोजना का विधिवत उद्घाटन भी कर दिया था। इसके बावजूद कार्य शुरू नहीं हो सका। सात साल बाद भी सरोवर की स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब नगर निगम ने करीब एक करोड़ रुपये की नई योजना तैयार की थी। इसके तहत सरोवर को पक्का करने, चारों ओर ग्रिल लगाने, सीढ़ियां और पैदल मार्ग बनाने के साथ श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित की जानी थीं, लेकिन टेंडर प्रक्रिया ही आगे नहीं बढ़ पाई।

### भेजा है पत्र



एक ओर सरकार पूरे प्रदेश में सरोवरों पर करोड़ों रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण कर रही है, वहीं लाखों लोगों के आस्था के केंद्र शीतला माता सरोवर की अनदेखी की जा रही है। सरोवर की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं। सात साल पहले सौंदर्यीकरण का उदघाटन तक हो गया था, लेकिन विकास कार्य आज तक नहीं हो पाए। अब प्रदेश के सीएम नायब सैनी को पत्र भेजा गया है। साथ ही जिला प्रशासन को पत्र भेजकर सरोवर की सुध लेने की मांग की गई है। **-महंत थानेश्वर दास,** माता शीतला देवी मंदिर

**खबर संक्षेप**

### गिरावड़ में एक मकान से गहने-नकदी ले गए चोर

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव गिरावड़ में एक मकान से लाखों रुपए के सोना चांदी के गहने और एक लाख 70 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी नरेश पुत्र बलवंत ने बताया कि उसके दो बेटे हैं, जो दोनों बाहर रहते हैं। घर वह और उसकी पत्नी रहते हैं। सुबह जब वह बरामदे से उठकर घर के अंदर गया तो वहां पर अलमारी और संदूक का सामान बिखरा पड़ा था। संदूक से एक सोने का लोकेट एक तोला, दो सोने की अंगूठी एक तोला, 6 जोड़ी चांदी की पाजेब, चांदी की एक अंगूठी, 5 चांदी के सिक्के, दो चांदी की बच्चों की कडुली, 6 जोड़ी चुटकी और एक लाख 70 हजार रुपए की नकदी चोरी हुए मिले। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### महम में शटर उखाड़कर दो दुकानों में चोरी

**महम।** महम शहर में रात को अज्ञात चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर बाइक पर सवार होकर आए थे। भैणी भैरों निवासी सचिन पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि गोहाना मोड़ पर उसकी गणपति रसगुल्ला भंडार के नाम से दुकान है। वह शाम को 8 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह 7 बजे दुकान का ताला टूटा हुआ था और शटर तोड़कर चोर गल्ले से 23 हजार रुपये ले गए।

### महम में पुल से गिरा ट्राला बचे ड्राइवर और क्लीनर

**महम।** रात को महम में दिल्ली हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्राला पुल से नीचे भिवानी रोड पर गिर गया। इस हादसे में ट्राला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्राला में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जबकि एक व्यक्ति वहां से भाग गया। यह घटना रात 11 बजे के बाद की है।

## नियमों की अनदेखी पर शिक्षा विभाग ने बंद किए एमआईएस पोर्टल
# जिले में 63 निजी स्कूल किए ब्लैकलिस्ट, दाखिलों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नियमों को ताक पर रखकर और बिना पुख्ता इंतजामों के संचालित हो रहे निजी स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिले के 63 निजी स्कूलों के एमआईएस (स्कूल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम) पोर्टल को बंद कर दिया है। इसके साथ ही इन सभी स्कूलों में नए विद्यार्थियों के दाखिले लेने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। शिक्षा विभाग ने इन सभी 63 स्कूलों को ब्लैकलिस्ट की श्रेणी में डाल दिया है। शिक्षा विभाग द्वारा की गई औचक जांच और समीक्षा में इन स्कूलों की भारी कमियां सामने आईं। विभाग के अनुसार, यह सख्त कदम मान्यता संबंधी नियमों की अनदेखी, बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी और शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर उठाया गया है।



एआई जेनरेटेड

### इन नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई

**22** स्कूलः अस्थाई मान्यता प्राप्त।
**10** स्कूलः बिना अनुमति के अवैध रूप से संचालित।
**31** स्कूलः जिन्होंने आरटीई सत्र की अनिवार्य प्रक्रिया को पूरा नहीं किया था।

सुविधाओं की कमी के साथ-साथ कई स्कूलों पर शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों का विवरण शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध न कराने का भी आरोप है। डेटा छिपाने और पारदर्शिता न बरतने के चलते विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए इनके पोर्टल ब्लॉक कर दिए।

### ये हुआ खुलासा

जांच में खुलासा हुआ कि कई स्कूल निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहे थे। कुछ स्कूलों के पास आवश्यक भूमि और भवन संबंधी दस्तावेज व मानक पूरे नहीं थे। इसके अलावा, इन स्कूलों में पर्याप्त कक्षाएं, खेल के मैदान और छात्रों के लिए अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह अभाव पाया गया।

### प्रदेशभर में एक्शन

यह कार्रवाई केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में शिक्षा विभाग ने बड़ा अभियान चलाया है। राज्य भर में विभाग ने कुल 145 अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों और 269 परमिशन प्राप्त स्कूलों के एमआईएस पोर्टल बंद किए हैं। इसके अलावा, प्रदेश के 693 स्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों पर भी इसलिए कार्रवाई की गई है क्योंकि उन्होंने आरटीई के तहत आरक्षित सीटों का विवरण पोर्टल पर अपडेट नहीं किया था।

### अभी हमारे पास नहीं आई है सूची

जिले में किस-किस स्कूल को ब्लैकलिस्ट की श्रेणी में डाला गया है या कितने स्कूल ब्लैकलिस्ट किए गए है, इस बारे में कोई भी लिस्ट हमारे पास नहीं आई है। जब लिस्ट आएगी तभी बता पाएंगे कि कितने स्कूल ब्लैकलिस्ट की श्रेणी में डाले गए है। **-मनजीत मलिक,** जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक

## एनएच 152 डी पर ट्रक की टक्कर से कार चालक की मौत

**महम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर हुए एक सड़क हादसे में महेंद्रगढ के एक कार चालक की मौत हो गई। महम थाने में दी शिकायत में महेंद्रगढ़ जिले के गांव भुर्जर निवासी रतिपाल पुत्र श्री राम ने बताया कि उसका भाई उदय सिंह जिसकी उम्र 38 साल थी। वह अपने लड़के रोहित 13 वर्ष के साथ अपनी सफेद अल्टो कार में सवार होकर अपनी ससुराल सफीदों जा रहा था। शाम को तीन बजे उसको सूचना मिली की उसके भाई व भतीजे की गाड़ी का एनएच 152 डी पर खरकड़ा टोल से थोड़ा आगे कलानौर की तरफ किसी ट्रक के साथ एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह और उसका परिवार रोहतक पीजीआई के ट्रामा सेंटर में पहुंचे। डॉक्टर ने वहां उसके भाई उदय सिंह को मृत घोषित कर दिया। उसके भतीजे रोहित को उपचार के बाद पीजीआई से छुट्टी दे दी गई। शिकायतकर्ता रतिपाल ने बताया कि ट्रक चालक ने लापरवाही, गफलत व तेज गति से अपने वाहन को चलाते हुए एक्सीडेंट किया है। पुलिस ने इस संबिंध में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## रॉन्ग साइड थार की टक्कर से गई सब्जी कारोबारी की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

शहर में रविवार सुबह रॉन्ग साइड से आ रही एक थार ने एक सब्जी कारोबारी की जान ले ली। स्वास्तिक अस्पताल के सामने हुए हादसे में कार सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-11 निवासी रोहित ने बताया कि उसके पिता सुभाष प्रतिदिन की तरह बहादुरगढ़ से सब्जियां लेकर रिट्ज कार से सांपला लौट रहे थे। उनके साथ वार्ड नंबर-6 निवासी राकेश पुत्र नेकराम भी कार में सवार था। सुबह स्वास्तिक अस्पताल के सामने पहुंचते ही सामने से गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रही काले रंग की 'अप्लाइड फॉर' थार ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सांपला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। वहीं राकेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक के बेटे के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फायर एनओसी नहीं मिली, फिर देव कॉलोनी लौटी फौजी कैंटीन

- आज से पुराने परिसर में होगा संचालन देव कॉलोनी के लोगों ने जताया विरोध

**रोहतक।** शहर के पूर्व सैनिकों और सैनिक परिवारों के लिए संचालित फौजी कैंटीन (सीएसडी) को एक बार फिर अपना ठिकाना बदलना पड़ा है। एक रुपये चौक स्थित नए परिसर में फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) नहीं मिलने के कारण कैंटीन को वापस देव कॉलोनी स्थित पुराने परिसर में शिफ्ट किया गया है। सोमवार से कैंटीन का संचालन दोबारा देव कॉलोनी से शुरू किया जाएगा। कैंटीन के इस तरह से स्थान बदलने से सबसे अधिक परेशानी पूर्व सैनिकों, सेवारत जवानों और उनके परिवारों को हो रही है।

### लोगों को होती है परेशानी

खासकर दूर-दराज के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले सैनिकों को कई बार समय पर जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में वे पहले एक रुपये चौक स्थित कैंटीन पहुंच जाते हैं और वहां से वापस देव कॉलोनी जाना पड़ता है। इससे उनका समय और पैसा दोनों खर्च होता है। दूसरी ओर, देव कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने कैंटीन को फिर से शुरू किए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि देव कॉलोनी पूरी तरह रिहायशी क्षेत्र है और यहां की गलियां काफी संकरी हैं। कैंटीन खुलने के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन और लोग पहुंचते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है। इससे कॉलोनी के लोगों के आवागमन में दिक्कत होती है और आपातकालीन स्थिति में भी रास्ता प्रभावित हो सकता है। फिलहाल फायर एनओसी का मामला सुलझने तक कैंटीन का संचालन देव कॉलोनी स्थित पुराने परिसर से ही किया जाएगा।

## नहर में डूबे एक बच्चे का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**रोहतक।** गांव बोहर में किराए पर रहने वाले परिवार के दो नाबालिग बच्चे शनिवार दोपहर को जेएलएन नहर में डूब गए थे। सूचना पाकर आईएमटी थाना पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया। घटना के दूसरे दिन सर्च ऑपरेशन के दौरान एसडीआरएफ की टीम ने 20 घंटे बाद एक बच्चे का शव नहर से निकाल लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। नहर में डूबे बच्चों की पहचान 9 वर्षीय प्रदीप व 12 वर्षीय कुलदीप पुत्र दलीप सिंह के रूप में हुई। कुलदीप मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और गांव बोहर में किराए के मकान में रहता है। दोपहर के समय उसके दोनों बच्चे नहर पर नहाने के लिए गए थे। नहर की सीढ़ियों पर बैठकर नहा रहे थे।

इसी दौरान प्रदीप का पैर फिसल गया और वह नहर में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए बड़ा भाई कुलदीप भी नहर में कूदा, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण दोनों नहर में बहते चले गए। सूचना पाकर ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को खोजने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया।

## बहुअकबरपुर में पिता-पुत्र पर चढ़ाया ट्रैक्टर, नाले में कूदकर बचाई जान

### खेत में पानी लगाने को लेकर हुआ विवाद जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिसार रोड स्थित गांव बहुअकबरपुर के खेतों में पानी लगाने को लेकर कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर पिता-पुत्र को जान से मारने का प्रयास किया। दोनों ने नाले में कूदकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सामान्य अस्पताल में भर्ती घायल जगबीर ने बताया कि रात को खेत में पानी लगाने का नंबर था। उन्होंने 3 एकड़ जमीन बटाई के लिए ले रखी है। रात को जब पानी लगाने गए तो कुछ लोगों ने 15 मिनट पहले ही पानी को रोक लिया। जब इसके बारे में पूछा तो आरोपियों ने धमकी दी। जगबीर ने बताया कि कुछ देर बाद आरोपी ट्रैक्टर, एक गाड़ी व दो बाइकों पर आए और आते ही ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने का प्रयास किया। आरोपियों से बचने के लिए वह नाले में कूद गया। घायल अवस्था में उसे सामान्य अस्पताल लाए, जहां उसका उपचार शुरू किया गया।



### कड़ी कार्रवाई की मांग

सचिन ने बताया कि रात के समय ऋषि, राजपाल, अंकित, साहिल, सौरभ, अमित, अमित का भाई, विक्की ने हमला किया था। ट्रैक्टर आरोपी विक्की का था, जिसे चढ़ाने का प्रयास किया गया। आरोपियों से उन्हें जान का खतरा है। पुलिस इस मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

### परिवार के साथ चल रही है पुरानी रंजिश

जगबीर ने बताया कि उनके परिवार में पुरानी रंजिश चल रही है। उनके पूर्वजों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस मामले में कई बार पंचायत हुई, मामला अदालत में गया लेकिन समझौता हो गया था। आरोपियों ने अब इसी रंजिश में हमला किया है। जगबीर के बेटे सचिन ने बताया कि आरोपियों ने 15 मिनट पहले ही उनके खेत का पानी काट दिया। जब फोन करके कहा कि पानी क्यों काटा, तो आरोपियों ने धमकी दी। इसके बाद आरोपी आए और चढ़ाने का प्रयास किया। उसने नाले में कूदकर जान बचाई। इसके बाद पिता जगबीर पर भी ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, जिन्होंने भी नाले में कूदकर अपनी जान बचाई। सचिन ने बताया कि ट्रैक्टर से बचने के बाद आरोपियों ने डंडों से मारना शुरू कर दिया। वह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर भागे। पीछे से आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। उनके पास लाइसेंसी हथियार भी है।

**अंडर-23 नेशनल कुश्ती** | संघर्ष के अखाड़े से नेशनल पोडियम तक का सफर

# चोट व आर्थिक तंगी को हराकर बिहार के सुमन और इंद्रजीत ने जीते नेशनल पदक

रोहित डागर. रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चल रही अंडर-23 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया, जिसमें बिहार के दो जांबाज खिलाड़ियों सुमन कुमार यादव और इंद्रजीत कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और कड़े संघर्ष के दम पर पदक जीतकर अपने राज्य का नाम रोशन किया है।



### तीन गंभीर चोटों से भी नहीं टूटी सुमन कुमार यादव की हिम्मत

प्रतियोगिता के फ्री स्टाइल (55 किलोग्राम भार वर्ग) में कांस्य पदक जीतने वाले बिहार के सुमन कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने साल 2018 में कुश्ती की शुरुआत अपने दादा ललबाऊ यादव और चाचा राजा यादव से प्रेरित होकर की थी। जब उन्होंने परिवार के सामने कुश्ती खेलने की इच्छा जताई, तो घरवाले बेहद खुश हुए कि परिवार से कोई इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है। सुमन का यह सफर आसान नहीं रहा। साल 2021 में उन्हें घुटने में गंभीर चोट लगी। उन्होंने रिकवरी की, लेकिन 2023 में वे फिर से चोटिल हो गए और इसी साल के अंत में तीसरी बार उन्हें चोट का सामना करना पड़ा। लगातार तीन बार चोटिल होने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और शानदार वापसी की।

**सोनीपत की नेवी अकादमी में ले रहे हैं ट्रेनिंगः** सुमन वर्तमान में हरियाणा के सोनीपत स्थित नेवी अकादमी में अभ्यास करते हैं। उन्होंने बताया कि सोनीपत में कुश्ती का शानदार माहौल है और वहां मौजूद वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ियों से उन्हें लगातार बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अब तक की उपलब्धियांः सुमन 2018 में अंडर-15 नेशनल में कांस्य, अंडर-17 स्कूली गेम्स में कांस्य, सब-जूनियर नेशनल में रजत और अंडर-19 नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम कर चुके हैं।



अंडर-23 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते खिलाड़ी।

### तंगी व परिवार के विरोध के बावजूद जीता दंगल



बिहार के ही एक और होनहार पहलवान इंद्रजीत कुमार ने विपरीत परिस्थितियों के बीच ग्रीको रोमन स्टाइल के 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत (सिल्वर) पदक जीतकर सबको चौंका दिया। इंद्रजीत ने साल 2019 में अपने गांव के पहलवान सचिन को देखकर अखाड़े में कदम रखा था। उनके पिता दिनेश पेशे से किसान हैं। इंद्रजीत ने बताया कि जब उन्होंने कुश्ती खेलने की बात कही, तो शुरुआत में परिवार ने साफ मना कर दिया था। घरवालों को डर था कि हाथ-पैर टूट जाएंगे तो क्या करोगे।

**दोस्त का साथ और दंगल की कमाई से पूरी की डाइटः** इंद्रजीत का कुश्ती का सफर बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके पास कुश्ती के लिए जरूरी डाइट के पैसे भी नहीं थे। ऐसे मुश्किल समय में उनके दोस्त नीरज ने खेल को जारी रखने में आर्थिक मदद की। इसके बाद इंद्रजीत ने स्थानीय दंगल लड़ने शुरू किए। दंगल जीतने से जो इनामी राशि मिलती, उसी से वे अपनी डाइट का खर्च पूरा करते थे।

## लाखन माजरा में घर पर फायरिंग, बचा परिवार

**महम।** लाखन माजरा गांव में रात के समय एक घर पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग की वारदात में परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए। लाखन माजरा पुलिस को दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी नरेंद्र पुत्र बारूराम ने बताया कि उसके पास दो लड़के हैं। वह रात को परिवार सहित घर के आंगन में सो रहा था। रात को करीब दो बजे गेट पर उसके बेटे के सुमित के नाम से आवाज सुनाई दी। उसने उठकर देखा तो गेटपर उसके ही गांव के राहुल उर्फ बाजा पुत्र संजय और उसके साथ एक लड़का भगानी नाम का था। राहुल ने उससे उसके बेटे सुमित के बारे में पूछताछ की। जब उसने बताया कि राहुल घर पर नहीं है, उन्होंने गाली गलौच करना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने गुस्से में आकर उसको जान से मारने की धमकी दी। राहुल ने पिस्तोल निकालकर उस पर फायर कर दिया। वह नीचे बैठ गया, जिस वजह से गोली उसके मकान की खिड़की में जा लगी। जिसके बाद राहुल और उसका साथी भगानी उसको व उसके बेटे सुमित को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। कल इन्होंने उसके बेटे सुमित के साथ भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस संबंध में राहुल और भगानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## चिड़ी में फायरिंग, युवक ने गांव में घुसकर बचाई जान

**महम।** चिड़ी में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। हमलावर दो गाड़ियों में आए थे। युवक ने चिड़ी गांव में घुसकर अपनी जान बचाई। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी सुमित पुत्र नरेंद्र ने बताया कि वह शाम को 4 बजकर 44 मिनट पर अपने घर से निकला था और वह चिड़ी गांव जा रहा था। रास्ते में नेकी राम स्कूल के पास उसके पीछे दो गाड़ियां लग गई। जिनमें एक स्विफ्ट कार थी और दूसरी स्कोर्पियो थी। उसके आगे स्कोर्पियो गाड़ी अड़ा दी गई। उस पर पिस्तोल से फायरिंग की गई, जिसमें वह बाल बाल बच गया। वह जैसे तैसे वहां से चिड़ी गांव की ओर भाग निकला। वह चिड़ी गांव में घुस गया। पीछा करके वे गांव में उसके साथ ही घुस गए। वहां पर उन्होंने उस पर पिस्तोल तान दी। राहुल उर्फ बाजा ने उसके ऊपर पिस्तोल तानी। जब वह फायर करने लगा दो दूसरे ने पिस्तोल ऊपर कर दी। फिर पिस्तोल को लोड किया गया। संजय नाम के एक व्यक्ति ने उसको कहा कि वह भाग जाए, ये उसको मारने के लिए आए हैं। दो गाड़ियों में उसका पीछा करने और हमला करने वालों में राहुल उर्फ बाजा, रोहित, अमन कुंडू व दो अन्य शामिल थे। इन हमलावरों के पास दो पिस्तोल हैं और वे उसको जान से मारने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस ने इस संबंध में राहुल उर्फ बाजा, रोहित व अमन कुंडू और दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।



### कोच प्रवीन के 8 साल की बेमिसाल कोचिंग

नर्सरी के मुख्य कोच प्रवीन, जो स्वयं एक नेशनल स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं ने कोचिंग क्षेत्र में अपने सफल 8 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने ने बताया कि एमडीयू से पहले वे झज्जर के गांव महराना में लड़कियों की खेल नर्सरी का संचालन करते थे। उस दौरान करीब 50 लड़कियां अभ्यास के लिए आती थीं और उन सभी ने स्टेट और नेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर इतिहास रचा था।

### सौरव प्रो-कबड्डी और पूर्व बेंगलुरु बुल्स कप्तान

2010 में गांव के सीनियर्स को देखकर कबड्डी शुरू करने वाले सौरव का शुरुआती सफर संघर्षपूर्ण रहा, क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वे तीन नेशनल प्रतियोगिताओं में (1 स्वर्ण, 2 कांस्य), दो ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में (स्वर्ण) और खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। प्रो-कबड्डी लीग में वे 6 सीजन खेल चुके हैं, जिसमें 5 साल तक बेंगलुरु बुल्स का हिस्सा रहने के साथ टीम की कप्तानी भी संभाली।

प्रो-कबड्डी से लेकर एशियन चैंपियनशिप तक बढ़ रहा दबदबा

# मिट्टी से उठे सितारे: एमडीयू की कबड्डी नर्सरी में तैयार हुए दो अंतरराष्ट्रीय व 15 से अधिक राष्ट्रीय पदक विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में चल रही कबड्डी खेल नर्सरी आज क्षेत्र के युवा एथलीटों के लिए एक बेहतरीन लॉन्चपैड साबित हो रही है। यहाँ कोच प्रवीन के कुशल मार्गदर्शन और कड़े प्रशिक्षण की बदौलत खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी चमक बिखेर रहे हैं। विपरीत आर्थिक परिस्थितियों और व्यक्तिगत संघर्षों को मात देकर यहाँ के युवाओं ने साबित कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।






### हर्ष यूथ एशियन गोल्ड मेडलिस्ट

वर्ष 2018 में अपने भाई रोहित से प्रेरित होकर कबड्डी की दुनिया में कदम रखने वाले हर्ष के लिए भी राह आसान नहीं थी। कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद परिवार ने उनका पूरा साथ दिया। हर्ष ने यूथ नेशनल प्रतियोगिता में हरियाणा टीम की कप्तानी की, जिसके दम पर उनका चयन भारतीय टीम में हुआ। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2025 में आयोजित यूथ एशियन प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाया।

### हिमांशु और विजय भी कम नहीं

गांव खेड़ी साध के हिमांशु ने 2018 में कोच प्रवीन के पास ट्रेनिंग शुरू की थी। वे अब तक तीन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीत चुके हैं। वहीं, पढ़ाई में मन न लगने के कारण कम उम्र में ही मैदान का रुख करने वाले विजय ने 2019 की नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक और हाल ही में वर्ष 2026 की जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

### रिकॉर्ड बेहद शानदार

**अंतरराष्ट्रीय स्तर :** 2 खिलाड़ी इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीत चुके हैं।

**राष्ट्रीय स्तर:** 15 से अधिक बच्चों ने नेशनल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं।

**राज्य स्तर :** नर्सरी के लगभग सभी बच्चों ने स्टेट लेवल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक जीते हैं।

**रोजगार:** अब तक करीब 10 से 15 खिलाड़ी खेल कोटे के आधार पर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर चुके हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों की उठी मांग



**रोहतक।** सीटू की कामकाजी महिलाओं के राज्य सम्मेलन में कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, समान वेतन और स्थायी रोजगार जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। राज्यभर से करीब 150 महिला श्रमिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में सभी संस्थानों में पॉश एक्ट के तहत यौन उत्पीड़न विरोधी कमेटियों के गठन, समान काम के लिए समान वेतन, स्थायी प्रकृति के कार्यों में स्थायी रोजगार, महिलाओं व बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा पर प्रभावी रोक, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह, वेतन सहित मातृत्व अवकाश और सभी कार्यस्थलों पर क्रेच सुविधा की मांग की गई। पॉश एक्ट विशेषज्ञ कर्मिंदर कौर ने कहा कि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति बनाना अनिवार्य है। वक्ताओं ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा, अस्थायी रोजगार और वेतन भेदभाव पर चिंता जताई। सम्मेलन में इन मुद्दों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा संसद के वर्षाकालीन सत्र के दौरान महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर होने वाले आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया गया।

## किसानों ने भालौठ सब ब्रांच नहर का बेड पक्का करने का किया था विरोध

# अब सोनीपत रोड वाटर चैनल पर भूजल रिचार्ज की बढ़ी चिंता



रोहतक। सोनीपत रोड पर पानी भरते युवक। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**अब विशेषज्ञ बोले, पाइपलाइन से हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता भी हो सकती है प्रभावित**

भालौठ सब ब्रांच नहर के बेड को सीमेंट-कंक्रीट और लोहे के सरियों से पक्का करने के विरोध में हाल ही में दर्जनों गांवों के किसानों ने कई दिन तक आंदोलन किया था। किसानों का तर्क था कि यदि नहर का प्राकृतिक रिसाव बंद हो गया तो आसपास के क्षेत्रों में भूजल रिचार्ज प्रभावित होगा। इससे आने वाले वर्षों में भूजल स्तर घट सकता है और पानी की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। किसानों के लगातार विरोध के बाद सिंचाई विभाग को फिलहाल नहर का बेड पक्का करने का कार्य रोकना पड़ा। अब लगभग इसी तरह का सवाल शहर के सोनीपत रोड स्थित वाटर चैनल को लेकर भी उठने लगा है।

### लोहे की पाइपलाइन से पानी की गुणवत्ता पर पड़ेगा असर

जल विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खुले वाटर चैनल की जगह लोहे की भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाती है तो भूजल के प्राकृतिक रिचार्ज पर असर पड़ सकता है, जिसका प्रभाव भविष्य में इस चैनल पर लगे हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता पर दिखाई दे सकता है। सोनीपत रोड स्थित वाटर चैनल के दोनों ओर वर्षों से बड़ी आबादी रहती है। चैनल पर लगे दर्जनों हैंडपंप हजारों लोगों की मिनरल युक्त पेयजल की जरूरत पूरी करते हैं। सभी हैंडपंपों का पानी शहर के कई अन्य इलाकों की तुलना में अधिक मीठा और बेहतर गुणवत्ता वाला है। इसका एक प्रमुख कारण वाटर चैनल से लगातार होने वाला प्राकृतिक भूजल रिचार्ज माना जाता है। वर्तमान में इस क्षेत्र के कई हैंडपंपों के पानी का टीडीएस (टोटल डिजॉल्व्ड सॉलिड्स) 150-200 पीपीएम के बीच है, जिसे जल विशेषज्ञ पीने के लिए आदर्श श्रेणी का पानी मानते हैं।

### भूजल का रिचार्ज बंद हो जाएगा

जल विशेषज्ञों का कहना है कि खुले वाटर चैनल में बहने वाला पानी धीरे-धीरे जमीन में रिसता रहता है। यही प्राकृतिक प्रक्रिया आसपास के क्षेत्र के भूजल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि खुले चैनल के स्थान पर पूरी तरह बंद लोहे की भूमिगत पाइपलाइन बिछा दी जाती है तो पानी का प्राकृतिक रिसाव लगभग समाप्त हो जाएगा। इससे भूजल का रिचार्ज बंद हो जाएगा। भूजल रिचार्ज कम होने का असर तत्काल दिखाई नहीं देगा, लेकिन लंबे समय में इसका प्रभाव भूजल स्तर और पानी की गुणवत्ता दोनों पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति में हैंडपंपों के पानी का टीडीएस बढ़ने, पानी के अधिक कठोर या खारा होने तथा अन्य जल गुणवत्ता संबंधी परिवर्तन होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### वैकल्पिक व्यवस्था भी विकसित की जानी चाहिए

जल विशेषज्ञों का मानना है कि भालौठ सब ब्रांच नहर के मामले में किसानों ने जिस मुद्दे को उठाया था, वह केवल सिंचाई का नहीं बल्कि भूजल संरक्षण का भी विषय था। इसी प्रकार यदि सोनीपत रोड पर वाटर चैनल के स्थान पर भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाती है तो इसके साथ भूजल रिचार्ज बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक व प्रभावी वैकल्पिक व्यवस्था भी विकसित की जानी चाहिए। कृत्रिम रिचार्ज से भूजल संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

### 100 से 300 टीडीएस वाला पानी बेहतर

जल विशेषज्ञों के अनुसार टीडीएस पानी में घुले खनिजों और लवणों की मात्रा का संकेत देता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अनुसार 500 पीपीएम तक टीडीएस वाला पानी पीने योग्य माना जाता है, जबकि 100 से 300 पीपीएम के बीच टीडीएस वाला पानी स्वाद और आवश्यक खनिजों के संतुलन की दृष्टि से सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस लिहाज से सोनीपत रोड क्षेत्र में वर्तमान में उपलब्ध 150 से 200 पीपीएम टीडीएस वाला पानी उत्कृष्ट श्रेणी में आता है। हालांकि विशेषज्ञ यह भी स्पष्ट करते हैं कि केवल टीडीएस ही पानी की गुणवत्ता का एकमात्र पैमाना नहीं है। फ्लोराइड, नाइट्रेट, आर्सेनिक, आयरन, बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक तत्वों की मात्रा भी निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए। इसलिए किसी भी जल स्रोत की समय-समय पर वैज्ञानिक जांच आवश्यक है।

### पेयजल व्यवस्था से जुड़ा है चैनल

उल्लेखनीय है कि इसी वाटर चैनल का पानी शहर के वाटर वर्क्स नंबर-1 तक भी पहुंचता है, जहां उसका शोधन कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस कारण वाटर चैनल का महत्व केवल सिंचाई या जल निकासी तक सीमित नहीं है। यह शहर की पेयजल व्यवस्था और आसपास के भूजल स्रोतों से भी जुड़ा हुआ है। जल विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी निर्माण परियोजना के दौरान केवल पाइपलाइन की तकनीकी उपयोगिता ही नहीं, बल्कि उसके भूजल संबंधी प्रभावों का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

## करौंथा के शिव मंदिर पार्क में किया 125 पौधों का रोपण



रोहतक। करौंथा गांव स्थित शिव मंदिर पार्क में रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 125 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वन विभाग में कार्यरत प्रकृति प्रेमी जसबीर धनखड़ ने पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल और जीवों के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण केवल मानव जीवन से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है। जंगल केवल हरियाली के प्रतीक नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, जल संरक्षण, जैव विविधता और स्वस्थ जीवन के प्रमुख स्रोत हैं। इसलिए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक समिति सदस्य आशीष धनखड़, नर्सरी इंचार्ज सुभाष फौजी, बीएसएफ के एएसआई साधुपाल तथा रोडवेज विभाग के सतीश धनखड़ ने भी पौधारोपण किया।

## मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य निराकार परमात्मा का बोध प्राप्त कर भक्ति करना : पिंकी



**रोहतक।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ में भिवानी जोन का संत निरंकारी महिला समागम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। समागम में रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी और हिसार जिलों की शहरी एवं ग्रामीण शाखाओं से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बहनों और संगत ने भाग लिया। समागम की अध्यक्षता देहरादून-मसूरी जोन से पधारीं ज्ञान प्रचारक बहन पिंकी निझोन ने की। उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य निराकार परमात्मा का बोध प्राप्त कर भक्ति करना है। परमात्मा की पहचान केवल सतगुरु के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने महिलाओं को परिवार की मजबूत नींव बताते हुए बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रखकर सेवा, सिमरन और सत्संग से जोड़ने का आह्वान किया। ब्रह्मज्ञान के माध्यम से प्रेम, सेवा, सहनशीलता, विनम्रता और मानवता जैसे गुणों का विकास होता है, जो व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।



## भाजपा कार्यकर्ता मीटिंग में की 17 को जींद में प्रधानमंत्री मोदी की रैली में पहुंचने की अपील

**महम।** शहर की काठ मंडी में महम विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 जुलाई को एकलव्य स्टेडियम, जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा रोहतक जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने की। इस दौरान प्रत्येक मंडल, शक्ति केंद्र और गांव से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने भरोसा दिलाया कि महम विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन एकलव्य स्टेडियम, जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाएंगे। इस अवसर पर महम क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नायब सैनी प्रधानमंत्री मोदी से एसवाईएल मुद्दे पर हर प्रदेशवासी को दिलवाएं हक : दुष्यंत

**रोहतक।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के दौरे पर आएंगे तब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उनसे सतलुज यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) के विषय पर जरूर बात करनी चाहिए और केंद्र सरकार से हरियाणा का हक मांगना चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच हुए यमुना जल बंटवारे के समझौते पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने इस एमओयू के बारे में हरियाणा की जनता को पूरी तरह अंधेरे में रखा है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने अब तक यमुना पर बनने वाले तीन बांध किशाऊ, लखवार और रेणुकाजी परियोजना पर भी कोई काम नहीं किया है इसलिए प्रधानमंत्री को हरियाणा दौरे के दौरान इन बांधों के निर्माण के लिए बजट की घोषणा करनी चाहिए। वे रविवार को रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कच्चे तेल के दाम बढ़ने के चलते पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी की थी, लेकिन अब कच्चे तेल के दाम कम होने के बावजूद भी देश के लोगों पर आर्थिक बोझ कम नहीं किया गया है।





## पीएम मोदी देंगे हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात : जांगड़ा

**रोहतक।** पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद आगमन हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। प्रधानमंत्री जींद से देशवासियों को पहली हाइड्रोजन से संचालित आधुनिक ट्रेन समर्पित करेंगे, जो भारत के रेल इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक होगी। भाजपा कार्यालय मंगलकमल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रेलवे के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रदूषण में कमी आएगी, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा भारत आधुनिक और हरित परिवहन व्यवस्था की ओर तेजी से अग्रसर होगा। जांगड़ा ने कहा हरियाणा को उत्तर भारत का सबसे मजबूत लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे और रेलवे परियोजनाओं का एकीकृत नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में हरियाणा को लगातार विकास परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

## सांसद कर्मवीर बौद्ध पैतृक गांव भैणी महाराजपुर को देंगे लाइब्रेरी व कम्यूनिटी सेंटर की सौगात

**महम।** कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध रविवार दोपहर को अपने पैतृक गांव भैणी महाराजपुर में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनको फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने गांव में ग्रामीणों के साथ दोपहर का भोजन किया। ग्रामीणों ने उनसे गांव में लाइब्रेरी और सर्व समाज का एक सुंदर कम्यूनिटी सेंटर अथवा बैंक्वट हॉल बनवाने की मांग की। इसके लिए ग्राम पंचायत करीब दो एकड़ जमीन देने को तैयार है। सांसद ने उस जगह का निरीक्षण किया। राज्यसभा सांसद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इसके लिए ग्रांट देने को तैयार हैं। लेकिन लाइब्रेरी और सर्वसमाज के बैंक्वट हॉल बहुत सुंदर बनना चाहिए। इसके लिए वे तो अपनी सांसद निधि से ग्रांट देंगे ही गांव के लोग भी चंदा इकट्ठा करके इसको बनाएं। गांव के सभी लोग इसके निर्माण में श्रमदान करें। वे भी एक दिन श्रमदान करने के लिए यहां आएंगे। एक दिन यहां पर श्रमदान करेंगे। क्योंकि पुराने जमाने में गांव के सभी लोग मिलकर सरकारी व सार्वजनिक भवनों का निर्माण करते थे। जहां पर लोगों का पैसा लगा होता है और उनका श्रम लगा होता है, वे उसको खराब नहीं होने देते।



## जमीन आवंटन पर प्रजापति समाज ने पूर्व मंत्री का किया सम्मान

# भाजपा ने बदले राजनीति के मायने: ग्रोवर

**केंद्र सरकार की योजनाओं का हर वर्ग को मिल रहा है सीधा लाभ, बिचौलिया सिस्टम खत्म**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर 25 में प्रजापति समाज को भूमि आवंटित किए जाने की खुशी में समाज के लोगों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के सम्मान में दक्ष प्रजापति मानव निर्माण संस्था की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम तिलयार लेक, दिल्ली रोड स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें प्रजापति समाज के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने राजनीति के मायने बदल दिए। उन्होंने प्रदेश में समान विकास और अंत्योदय की सोच के साथ कार्य करने की शुरुआत की थी, जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, हर बिरादरी तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

### ये रहे उपस्थित

इस मोके पर संस्था के अध्यक्ष कृष्ण शास्त्री, उपाध्यक्ष राज सिंह, रामधारी सिंह, जितेंद्र दक्ष, विकास बंसल, नरेश काला बोहर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जनता के मुद्दों पर कांग्रेस का संघर्ष और तेज होगा संगठन को बूथ स्तर तक करें मजबूत : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कांग्रेस भवन में रविवार को कांग्रेस (शहरी एवं ग्रामीण) की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत कांग्रेस महासचिव (संगठन) रोहतक शहरी स्वर्गीय पंकज सचदेवा (टिंचू) के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर काम करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसानों और कर्मचारियों सहित अनेक जनसमस्याओं पर सरकार विफल रही है। कांग्रेस इन मुद्दों को सड़क से लेकर विधानसभा तक पूरी मजबूती से उठाती रहेगी।

रोहतक विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि कांग्रेस विपक्ष में जरूर है, लेकिन जनता की आवाज सबसे मजबूती से उठा रही है। महम विधायक बलराम दांगी ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है क्योंकि जनता बदलाव चाहती है। पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से निराश है। मौके पर चक्रवर्ती जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष बलवान सिंह रंगा ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का फूलमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया।



रोहतक। बैठक में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य

### चनौत आंदोलन में ग्रामीणों के साथ हुआ धोखा : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने चनौत गांव में पेयजल को लेकर चल रहे आंदोलन पर कहा कि गांव के लोगों के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की मौजूदगी में गांव के लिए पानी की टी लगाई थी, लेकिन बाद में उसे उखाड़कर अवैध बता दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि टी अवैध थी तो उसे लगाते समय प्रशासन मौके पर मौजूद क्यों था और उसने उस समय कार्रवाई क्यों नहीं की। चनौत गांव और हांसी शहर दोनों को पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। लोगों को अपनी जरूरत के लिए आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में पीजी प्रवेश परीक्षा 13 से 17 तक

**रोहतक।** मदवि ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 13 से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएंगी। प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम 20 जुलाई को घोषित किया जाएगा, जबकि 21 जुलाई को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची जारी होगी। प्रथम फिजिकल काउंसलिंग 23 जुलाई से शुरू होगी और नए सत्र की कक्षाएं 1 अगस्त से आरंभ होंगी। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी ने बताया कि 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एम.ए. (लोक प्रशासन), एम.एससी. (फॉरेंसिक साइंस) और एम.कॉम. की प्रवेश परीक्षा होगी।

### सोशल मीडिया छोड़ खेल से जुड़ें युवा : कुलपति

**रोहतक।** युवाओं को सोशल मीडिया पर समय गंवाने के बजाय खेलों से जुड़ना चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, स्वास्थ्य के लिए दौड़ें और मोटापे से बचने के लिए दौड़ें। रविवार को एमडीयू के खेल परिसर में कायरोस क्लब के सहयोग से आयोजित पांच किलोमीटर मैराथन में बतौर मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने यह बात कही। उन्होंने मैराथन के सफल आयोजन के लिए कायरोस क्लब को बधाई दी और विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## पुलिस की सख्त हिदायत, एसपी गौरव बोले, पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखें

# होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे में विदेशी मेहमान ठहराने पर सी-फॉर्म भरना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला पुलिस ने जिले के सभी होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, होम स्टे और अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों के संचालकों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी आवासीय प्रतिष्ठान में कोई विदेशी नागरिक ठहरता है, तो उसकी सूचना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन सी-फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा जिले में आने वाले विदेशी नागरिकों का विधिवत रिकॉर्ड बनाए रखना है।

एसपी गौरव राजपुरोहित के अनुसार, विदेशी नागरिकों के आगमन की समय पर सूचना उपलब्ध कराना राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिहाज से अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी विदेशी मेहमान को ठहराने से पहले उसका पासपोर्ट, वीजा व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच करें। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद संबंधित विदेशी नागरिक का ऑनलाइन सी-फॉर्म भरना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उसकी जानकारी संबंधित विभाग के रिकॉर्ड में समय पर दर्ज हो सके। जिला पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी होटल एवं आवासीय प्रतिष्ठानों के संचालक अपने यहां ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखें।




■ एसपी गौरव राजपुरोहित ने समय पर सूचना को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया

### एमआरएम मॉड्यूल से साइबर ठगी पीड़ितों को अब फ्रीज धनराशि वापस मिलना होगा आसान

**रोहतक।** गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बताया कि इस मॉड्यूल के माध्यम से जांच के दौरान फ्रीज़ की गई राशि को पीड़ितों तक वापस पहुंचाने के लिए एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया तैयार की गई है। यह प्रणाली राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) का एकीकृत विस्तार है, जिससे साइबर ठगी के मामलों में धन की वापसी पहले की तुलना में अधिक सरल और प्रभावी हो सकेगी। एसपी राजपुरोहित ने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर वित्तीय ठगी होती है तो बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या आधिकारिक साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होगी, उतनी ही अधिक संभावना होगी कि धोखाधड़ी की राशि को निकाले जाने या दूसरे खातों में स्थानांतरित होने से पहले फ्रीज़ किया जा सके।



शिकायत दर्ज होने के बाद पीड़ित को 14 अंकों का पंजीकृत एक्नॉलेजमेंट नंबर दिया जाता है, जो पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद अधिकृत पुलिस अधिकारी और संबंधित बैंक एमआरएम प्रणाली के माध्यम से विवादित राशि का डिजिटल ट्रैक करते हैं। यह पता लगाया जाता है कि राशि किस बैंक खाते में पहुंची और क्या उसे आगे अन्य खातों में भेजा गया है। जहां संभव होता है, वहां संबंधित खातों को तुरंत फ्रीज़ कर दिया जाता है। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कुछ मामलों में पीड़ित के खाते पर भी अस्थायी रूप से लियन लगाया जा सकता है, जिसे जांच पूरी होने के बाद हटा दिया जाता है।

### सूचना समय पर दें, नियम तोड़े तो होगी कानूनी कार्रवाई

दिशा-निर्देशों में अस्पतालों और आयुर्वेद केंद्रों को भी शामिल किया गया है। यदि किसी अस्पताल, आयुर्वेद सेंटर या अन्य चिकित्सा संस्थान में कोई विदेशी नागरिक इलाज के लिए भर्ती होता है या ठहरता है, तो संबंधित संस्थान की जिम्मेदारी होगी कि वह भी निर्धारित नियमों के अनुसार उस विदेशी नागरिक का ऑनलाइन सी-फॉर्म भरकर संबंधित विभाग को सूचना उपलब्ध कराए। पुलिस का कहना है कि चिकित्सा संस्थानों में आने वाले विदेशी नागरिकों का रिकॉर्ड भी सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला पुलिस ने सभी संचालकों से अपील की है कि यदि किसी विदेशी नागरिक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हों या किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो उसकी सूचना बिना देरी किए तुरंत डायल 112 पर दें। समय पर सूचना मिलने से किसी भी संभावित खतरे या अप्रिय घटना को रोका जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जारी दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने वाले होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, होम स्टे अथवा अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस ने सभी संबंधित प्रतिष्ठानों से निर्देशों का गंभीरता से पालन करने, विदेशी नागरिकों का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने तथा समय पर सी-फॉर्म भरने की अपील की है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## एशियन अंडर-23 और 19 बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# भारतीय महिला और पुरुष मुक्केबाजों का धमाकेदार प्रदर्शन, 8 मुक्केबाज फाइनल में, इनमें दो हरियाणा के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जकार्ता में आयोजित हो रही एशियन अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबलों में भारतीय मुक्केबाजों ने रिंग में अपनी ताकत का लोहा मनाते हुए जबरदस्त सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की 5 महिला और 3 पुरुष मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश कर देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीदें जगा दी हैं।

महिला वर्ग के 54 किलोग्राम भारवर्ग में भारत की निशा ने दक्षिण कोरिया की ह्येजू ली को पहले ही राउंड में आरएससी के आधार पर शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। वहीं 60 किलोग्राम भारवर्ग में निकिता चंद ने भी अपना आक्रामक खेल जारी रखते हुए जापान की सारी कोकुफू को पहले राउंड में आरएससी से बाहर किया। 65 किलोग्राम भारवर्ग में काजल ने किर्गिस्तान की गुलज़िना मेल्सबेक को दूसरे राउंड में आरएससी से मात देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। इसके अलावा 75 किलोग्राम भारवर्ग में मुस्कान ने उज्बेकिस्तान की तोइरोवा ओयशा को और 80+ किलोग्राम भारवर्ग में प्रियंका ने कजाकिस्तान की पन्नार सेइतखानकीजी को 5-0 के एकतरफा स्कोर से पराजित कर फाइनल में कदम रखा।

पुरुष वर्ग में भी भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार पंच लगाते हुए तीन फाइनल टिकट हासिल किए, जिनमें 50 किलोग्राम भारवर्ग में विश्वनाथ सुरेश, 55 किलोग्राम भारवर्ग में गंगा और 65 किलोग्राम भारवर्ग में वंशज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

### मेजर सत्यपाल सिंधु ने दी बधाई



भारतीय मुक्केबाजों के इस धमाकेदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक साथ 8 मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना बेहद गौरवपूर्ण है। खिलाड़ियों ने रिंग में जिस तरह एकतरफा जीत दर्ज की है, वह उनकी कड़ी मेहनत और बेहतरीन ट्रेनिंग को दर्शाता है। मेजर सिंधु ने उम्मीद जताई कि सभी मुक्केबाज फाइनल में भी गोल्ड मेडल जीतकर देश व प्रदेश का नाम दुनिया भर में रोशन करेंगे।

## न्यूज डायरी



### भाविप सेक्टर शाखा ने लगाया निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर

**रोहतक।** भारत विकास परिषद सेक्टर शाखा, रोहतक द्वारा सेवा कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए रविवार को सेक्टर-1 में निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले इस शिविर में 22 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन सेवा एवं फिजियोथेरेपी सेंटर के संयोजक कैलाश मित्तल के अथक प्रयासों से किया गया। इस दौरान फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रचिता तथा डॉ. अरविंद राय ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। मरीजों को जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं के लिए व्यायाम एवं फिजियोथेरेपी से जुड़ी उपयोगी जानकारी भी दी गई।

### दृष्टिबाधित बच्चों को दिए मेटा स्मार्ट ग्लासेज



रोहतक। रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने सेवा कार्यों के तहत दृष्टिबाधित बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित मेटा स्मार्ट ग्लासेज वितरित किए। क्लब का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी शिक्षा, दैनिक जीवन तथा सामाजिक सहभागिता को बेहतर बनाना है। क्लब के अध्यक्ष सुमित परूथी ने बताया कि मेटा स्मार्ट ग्लासेज दृष्टिबाधित बच्चों के लिए उपयोगी सहायक उपकरण हैं। ये ग्लासेज सामने मौजूद वस्तुओं, लोगों और आसपास के वातावरण की जानकारी आवाज के माध्यम से देते हैं। इसके अलावा मुद्रित पाठ पढ़कर सुनाने, संकेतों की पहचान करने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में भी सक्षम हैं। सुमित ने बताया कि इससे बच्चों को पढ़ाई, सुरक्षित आवागमन और दैनिक कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी तथा उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल समाज के जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग दिव्यांग बच्चों के जीवन में नई संभावनाएं पैदा कर सकता है। कार्यक्रम में क्लब की सचिव प्रीति चुघ, कोषाध्यक्ष अमित कादियान, उपाध्यक्ष सुशील पंवार, रोटेरियन पुलकित जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➤ MRI/CT TECHNICIAN 4
➤ COMPUTER OPERATOR 2
➤ PRO 2
➤ NURSING STAFF 4
➤ WARD BOY 2
➤ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# बेटी पढ़ेगी, देश बढ़ेगा, बीएमयू में बेटियों के लिए निःशुल्क उच्च शिक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) में कृषि अपशिष्ट के सतत प्रबंधन पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय पुस्तक अपशिष्ट से संसाधनः कृषि अपशिष्ट के संभावित उपयोगों की नई संभावनाओं का उद्घाटन का भव्य लोकार्पण कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी द्वारा किया गया। विश्व प्रसिद्ध 'एलसीवियर' द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक कृषि अपशिष्ट को बहुमूल्य संसाधन में बदलने की आधुनिक वैज्ञानिक संभावनाओं पर आधारित है। इस अवसर पर कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। उन्होंने समाज के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराते हुए छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की ऐतिहासिक पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ेगी, देश बढ़ेगा बीएमयू का सामाजिक संकल्प है ताकि बेटियाँ आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकें। इस पुस्तक का संयुक्त संपादन बीएमयू के डॉ. अरूप गिरी, एचपीयू के डॉ. राजेश कुमार, सीडीएलयू की डॉ. संजू बाला ढुल और डीआरडीओ के डॉ. सोमेन आचार्य ने किया है।



### पठानिया पब्लिक स्कूल में 353 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**रोहतक।** स्थानीय पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक के एस.डी.एम. आशीष कुमार (एच.सी.एस.) उपस्थित रहे, जबकि आमिर खान अभिनीत आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' के अभिनेता नमन मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया और प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यालय के 353 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के लिए पर्ल, प्रोफिशिएंसी व जनरल वद्र्यू अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। एस.डी.एम. आशीष कुमार ने छात्रों को निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी।

### पिता-पुत्र की जोड़ियों ने किया रक्तदान, उमस और गर्मी पर भारी पड़ा रक्तदाताओं का उत्साह



**रोहतक।** आरपी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा स्वर्गीय चंद्रस्वरूप की पुण्यतिथि पर 89वें स्वैच्छिक रक्तदान उत्सव का सफल आयोजन किया गया। भयंकर गर्मी और उमस के बावजूद 51 रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिविर का मुख्य आकर्षण चार पिता-पुत्र की जोड़ियों द्वारा किया गया अनुकरणीय रक्तदान रहा। संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस शिविर के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. अनिल कुमार बिरला रहे, जिन्होंने बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि पीजीआई मॉडल ब्लड बैंक के हेड डॉ. गजेंद्र सिंह और रेडक्रॉस के पूर्व सचिव देवेंद्र चहल ने भी रक्तदाताओं को सम्मानित किया। डॉ. सोनम के नेतृत्व में पीजीआई की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में श्रीभगवान पहल (59वीं बार), डॉ. सतीश कुंडू (52वीं बार) सहित कई नियमित और नए रक्तदाताओं ने योगदान दिया। सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्मृति चिह्न के रूप में अमरूद का पौधा और प्रमाण पत्र भेंट किया गया।

## फौजी भाईचारा ग्रुप ने खिलाड़ियों को बांटी पौष्टिक डाइट बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खिलाड़ियों के बेहतर स्वास्थ्य, खेल क्षमता और उज्ज्वल भविष्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फौजी भाईचारा स्पोर्ट्स नर्सरी रिटौली में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फौजी भाईचारा ग्रुप द्वारा सचिन फौजी के मार्गदर्शन में युवा खिलाड़ियों को पौष्टिक खेल डाइट वितरित की गई। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को खेल जीवन में संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिन फौजी ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता केवल मैदान पर कठिन अभ्यास से ही नहीं, बल्कि संतुलित आहार, कड़े अनुशासन और निरंतर सहयोग पर भी निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि फौजी भाईचारा ग्रुप वर्षों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल डाइट, जरूरी खेल सामग्री, प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आर्थिक मदद, यात्रा व्यय और वेशभूषा जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, ताकि कोई भी होनहार खिलाड़ी संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे। योगासन कोच अरुण आर्य ने ग्रुप और सचिन फौजी का आभार जताते हुए कहा कि नियमित प्रशिक्षण के साथ पौष्टिक आहार मिलने से खिलाड़ियों की ऊर्जा और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है।



**रोहतक।** खिलाड़ियों को डाइट वितरित करते हुए।

# राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड, रोहतक में 11 जुलाई को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा विषय पर एक दिवसीय शिक्षकों की सी बी पी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के प्रमुख प्रावधानों, अनुभवात्मक शिक्षण, दक्षता आधारित शिक्षा तथा समग्र मूल्यांकन की अवधारणा से परिचित कराना था। कार्यशाला में विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के प्रथम संसाधन व्यक्ति लता क्वात्रा ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में चिंतन, सृजनात्मकता, समस्या समाधान एवं जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना है। उन्होंने गतिविधि आधारित एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति को प्रभावी ढंग से अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला के द्वितीय संसाधन व्यक्ति मोनिका ने दक्षता आधारित शिक्षण, मूल्यांकन की नवीन प्रक्रियाओं तथा कक्षा शिक्षण में नवाचारों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को व्यवहारिक उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा केवल पाठ्यक्रम में परिवर्तन का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह शिक्षा को अधिक प्रभावी, आनंददायक, समावेशी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता ,कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक ,डा. दिनेश मदान ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## स्वास्थ्य जांच के साथ पौधरोपण व भंडारा, गंभीर मरीजों को पीजीआईएमएस रेफर किया जाएगा

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 198 मरीजों की जांच, दवाइयां भी की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में तथा पीजीआईएमएस के सहयोग से रविवार को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल कायस्थान पाड़ा मोहल्ला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, भंडारा एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर पीजीआई के निदेशक डॉ एस के सिंघल ओर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन उपस्थित हुए।शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पहुंचे पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल ने कहा कि ओरल हेल्थ सभी बीमारियों का द्वार है। मुंह और दांतों की सफाई न रखने से कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। इसलिए नियमित जांच जरूरी है।

उन्होंने कहा कि इस शिविर में जिन मरीजों को अधिक समस्या पाई जाएगी, उन्हें मेडिकल कॉलेज में रेफर कर आगे का इलाज किया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि इस प्रकार के शिविरों से काफी लोगों को लाभ मिलेगा और वे समय पर अपना इलाज करा पाएंगे। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित इस शिविर को सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से विभिन्न बीमारियों की समय पर स्क्रीनिंग हो जाती है, जिससे रोगों का समय पर पता लगाकर इलाज संभव हो पाता है।

एनजीओ और अन्य संस्थाओं को ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने चाहिए। पीजीआइडीएस के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. मंजूनाथ बीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 198 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में डेंटल बस के माध्यम से मरीजों के दांतों में कीड़े, सड़न और एक्सट्रैक्शन इत्यादि का उपचार किया गया। इसके साथ ही मरीजों के हीमोग्लोबिन, बीपी और ब्लड शुगर की भी जांच की गई।



**रोहतक।** मरीजों को दवाई देते मुख्य अतिथि डॉ. एस के सिंघल व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ।



**रोहतक।** कैंप में आए लोगों को खाना खिलाते एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व पीजीआई के निदेशक डॉ एस के सिंघल।

### डॉक्टरों की सेवाओं से सैकड़ों जरूरतमंदों को मिला लाभ

डॉ. मंजूनाथ ने शिविर में अपनी सेवाएं देने आए सभी चिकित्सकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि डॉक्टरों ने समय निकालकर गरीब जनता के स्वास्थ्य की जांच की, यह सराहनीय है। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र की गरीब जनता को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता एवं क्षेत्रीय समरसता प्रमुख इंद्रप्रस्थ ईश्वर ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ शिविर स्थल पर पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण में हरियाली बनी रहे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की तरफ से यह मेगा मेडिकल कैंप इसलिए आयोजित किया गया है ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घर के पास ही मिल सकें।

## सरकारी एजेंसियों, सुरक्षा बलों और दूरदराज क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए कारगर सेवा

# रोहतक में भी बीएसएनएल की सैटेलाइट फोन सेवा शुरू, 1.34 लाख कीमत के कारण आम उपभोक्ता से दूर

- मोबाइल टावर की जरूरत नहीं उपग्रह से जुड़ेगा फोन, आपात स्थितियों में होगा उपयोगी
- 5,835 रुपये से मासिक प्लान, दूसरी योजना 11,670 रुपये प्रतिमाह शुरू की गई
- उपभोक्ताओं की मांग, नई सेवा के साथ बीएसएनएल सामान्य नेटवर्क की गुणवत्ता भी सुधारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने सैटेलाइट फोन सेवा की सुविधा रोहतक दूरसंचार जिले के माध्यम से भी उपलब्ध करा दी है। हालांकि करीब 1.34 लाख रुपये कीमत और हजारों रुपये के मासिक शुल्क के कारण यह सेवा आम उपभोक्ताओं की पहुंच से काफी दूर दिखाई दे रही है। ऐसे में यह सुविधा मुख्य रूप से सरकारी एजेंसियों, औद्योगिक संस्थानों और विशेष परिस्थितियों में काम करने वाले संगठनों के लिए ही उपयोगी मानी जा रही है। बीएसएनएल के उप महाप्रबंधक सुभाष ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया और दूरसंचार विभाग की स्वीकृति के बाद पात्र उपभोक्ता सैटेलाइट फोन ले सकेंगे। यह फोन मोबाइल टावरों पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि सीधे उपग्रह से जुड़कर काम करता है। इसलिए जहां सामान्य मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होता, वहां भी इससे बातचीत और संदेश भेजे जा सकते हैं। फोन में आपातकालीन एसओएस बटन, मजबूत बनावट और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी जैसी सुविधाएं भी हैं।

### वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति मिनट शुल्क देना होगा


फोटो : एआई जनरेटेड

सैटेलाइट फोन की कीमत करीब 1.34 लाख रुपये है। इसके अलावा मासिक योजना 5,835 रुपये से शुरू होती है, जबकि दूसरी योजना 11,670 रुपये प्रतिमाह की है। निर्धारित सीमा समाप्त होने के बाद वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए 25 रुपये प्रति मिनट और सरकारी उपभोक्ताओं के लिए 18 रुपये प्रति मिनट की दर से शुल्क देना होगा। ऐसे में दूरसंचार क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इतनी अधिक लागत के कारण यह सेवा आम लोगों के बजाय सीमित श्रेणी के उपभोक्ताओं तक ही सिमटकर रह सकती है।

### उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिलेगी



रोहतक शहर के कई क्षेत्रों, विशेषकर कुछ सेक्टरों में रहने वाले उपभोक्ता लंबे समय से बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें उठाते रहे हैं। ऐसे में कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सैटेलाइट फोन जैसी विशेष सेवा शुरू करने के साथ-साथ बीएसएनएल को अपने सामान्य मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता में भी सुधार करना चाहिए, ताकि रोजमर्रा के उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके। सैटेलाइट फोन सेवा मुख्य रूप से आपदा प्रबंधन, सुरक्षा बलों, वन विभाग, पर्वतीय क्षेत्रों, समुद्री गतिविधियों और दूरदराज के इलाकों में काम करने वाली एजेंसियों के लिए तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का उद्देश्य ऐसी जगहों पर भी संचार सुविधा उपलब्ध कराना है, जहां सामान्य मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता। -सुभाष, उप महाप्रबंधक रोहतक (बीएसएनएल)

---

## बरसात में और बिगड़ेंगे हालात, प्रशासन जल्द करे कार्रवाई

# भालौठ में जलभराव से सोनीपत मार्ग बदहाल, रोज लग रहा जाम

### सड़क बनी तालाब, दोपहिया चालक और स्कूली बसें ज्यादा प्रभावित

- पानी में छिपे गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, कई चालक हो चुके चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक जिले के भालौठ गांव से होकर गुजरने वाले सोनीपत मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सड़क पर जमा पानी के कारण प्रतिदिन हजारों वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासी अजय, सुनील, अनिल, जयपाल समेत अन्य लोगों ने कहा कि सड़क के दोनों ओर और कई स्थानों पर बीच तक पानी भरा हुआ है। इससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और कई बार एक ही लेन से यातायात गुजरने के कारण लंबा जाम लग जाता है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। पानी में सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार बाइक और स्कूटी चालक फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। यह मार्ग रोहतक को सोनीपत, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है। प्रतिदिन इस सड़क से हजारों छोटे-बड़े वाहन, ट्रक, बसें और मालवाहक वाहन गुजरते हैं। सुबह के समय स्कूल बसें भी इसी रास्ते से बच्चों को लेकर निकलती हैं, लेकिन जलभराव और जाम के कारण उन्हें भी काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है।

**सड़क पर भरे पानी से गुजरती कार**



#### समय रहते किया जाए समाधान

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में हालात और अधिक खराब हो सकते हैं। उनका कहना है कि यह मार्ग जिले की महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है, इसलिए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर जलभराव खत्म कर यातायात व्यवस्था सुचारु बनानी चाहिए, ताकि आम लोगों, स्कूली बच्चों और दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिल सके।

#### जल निकासी की व्यवस्था खराब

ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश के बाद सड़क पर कई दिनों तक पानी भरा रहता है। जल निकासी की व्यवस्था खराब होने से सड़क टूट रही है और गड्ढे बढ़ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से नालों की सफाई, बेहतर जल निकासी और सड़क की मरम्मत कर स्थायी समाधान करने की मांग की है।

## मयूर विहार में 10 दिन से दूषित पेयजल की आपूर्ति, लोगों में रोष

- गंदे और बदबूदार पानी से दिक्कत, बाजार से पानी खरीदने को मजबूर लोग
- कॉलोनीवासी पार्षद से मिले, जनस्वास्थ्य विभाग पर अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम के वार्ड-19 स्थित मयूर विहार कॉलोनी में पिछले करीब 10 दिनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। रविवार को कॉलोनीवासियों ने पार्षद विजय गोयल से मिलकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की। गंदे और बदबूदार पानी के कारण कई परिवार बाजार से पेयजल खरीदने या पानी उबालकर इस्तेमाल करने को मजबूर हैं।स्थानीय निवासी सज्जन गर्ग, अशोक जैन, सुमित गोयल और रमेश कुमार ने बताया कि नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इससे पीने, खाना बनाने और घरेलू उपयोग में दिक्कत हो रही है। लोगों को डायरिया, पीलिया, टायफाइड सहित अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा सता रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग ने स्थायी समाधान नहीं किया। शिकायत के बाद कभी-कभी सप्लाई बंद कर दी जाती है या जांच का आश्वासन मिलता है, लेकिन अगले दिन फिर वही स्थिति बन जाती है। लोगों का कहना है कि लाइन न बदलने के कारण समस्या बनी है।


रोहतक। पानी की समस्या को लेकर पार्षद विजय गोयल से मुलाकात करते मयूर विहार कॉलोनी के लोग। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द समाधान करवा दिया जाएगा

उस एरिया में हमारा काम चल रहा है। जल्द ही इस समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। जहां पर पाइपलाइन की समस्या है उसे वहां से बदला जा रहा है।
-अनिल कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

## हत्यारोपी कपिल तीन दिन के रिमांड पर लिया

**प्रेम संबंध व अन्य एंगल भी खंगालेगी पुलिस**

- हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोबाइल और कॉल डिटेल खंगालेगी पुलिस
- घटनास्थल पर ले जाकर दोबारा कराया जाएगा घटनाक्रम का पुनर्निर्माण
- आरोपी और मृतका दोनों शादीशुदा, अन्य परिस्थितियां भी जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

महिला की हत्या के मामले में में गिरफ्तार आरोपी कपिल को रविवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अब पुलिस रिमांड के दौरान हत्या के पीछे की असल वजह, वारदात में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी और किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका की गहनता से जांच करेगी। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने प्रेम संबंध और शादी के लिए दबाव बनाए जाने के चलते हत्या करने की बात स्वीकार की है, लेकिन पुलिस केवल इसी पहलू तक जांच सीमित नहीं रख रही। जांच अधिकारी यह भी पता लगाएंगे कि वारदात में आरोपी का किसी अन्य व्यक्ति ने साथ दिया था या नहीं। साथ ही हत्या के पीछे कोई और कारण, जैसे रंजिश, आर्थिक लेन-देन या अन्य विवाद तो नहीं था, इसकी भी पड़ताल की जाएगी।

पुलिस के अनुसार महिला 5 जुलाई से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। संदेह के आधार पर कपिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने महिला की हत्या कर शव को बेरी रोड स्थित दुलेहड़ा माइनर के किनारे झाड़ियों में फेंकने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया था।

#### दो बच्चों का पिता है आरोपी, पत्नी से अलग रह रहा था

पुलिस जांच के अनुसार आरोपी कपिल शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। कुछ समय पहले उसकी पत्नी उससे अलग होकर रहने लगी थी। एक बेटी मां के साथ रहती है, जबकि दूसरी बेटी आरोपी के पास है। पुलिस के अनुसार आरोपी और मृतका शकुंतला के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। दूसरी ओर, मृतका शकुंतला भी शादीशुदा थी और दो बच्चों की मां थी। पुलिस का कहना है कि दोनों के पारिवारिक हालात और आपसी संबंधों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है, ताकि पूरे घटनाक्रम की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सके।

#### साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर कार्रवाई

थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल जांच सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। रिमांड के दौरान मिलने वाले साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें नामांकन : उपायुक्त



रोहतक। उपायुक्त एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने जिले के पात्र बच्चों, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों तथा संबंधित संस्थाओं से योग्य बच्चों का समय रहते नामांकन कराने की अपील की है। सचिन गुप्ता ने बताया कि यह पुरस्कार बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रदान किया जाएगा। पात्रता के लिए 31 जुलाई 2026 को बच्चे की आयु 5 से 18 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में देशभर से कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों की घोषणा 26 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर होगी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सांपला: रामबाग में चलाया गया सफाई अभियान



सांपला। ऐतिहासिक रामबाग को स्वच्छ, सुरक्षित और हराभरा बनाने के लिए सांपला युवा मंच के सफाई अभियान का असर अब नगर पालिका के स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। नगर पालिका ने पहली बार रामबाग के संचालन के लिए समय सारणी लागू करते हुए इसे सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक खोलने का निर्णय लिया है। इससे साफ-सफाई बनाए रखने, आवारा पशुओं और असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। रविवार को भी युवा मंच के सदस्यों ने श्रमदान कर सफाई अभियान जारी रखा। नगर पालिका चेयरमैन प्रवीण कोच ने कहा कि इस व्यवस्था से रामबाग की हरियाली और स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## शहीद रविंद्र कुमार की स्मृति में 62 यूनिट रक्त एकत्र



रोहतक। शहीद रविंद्र कुमार धर्मार्थ ट्रस्ट, कमला नगर की ओर से शहीद रविंद्र कुमार के 14वें शहीदी दिवस पर आंबेडकर पार्क, झज्जर चुंगी में हवन यज्ञ, स्वैच्छिक रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ओशो विचारक स्वामी गोबिंद करतार, शहीद के पिता रणबीर सिंह तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पीजीआई रक्तकेंद्र की टीम ने डॉ. विकास के नेतृत्व में 62 यूनिट रक्त एकत्र किया, जबकि डॉ. परमजीत तोमर की टीम ने 56 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस अवसर पर सुंदर जेटली ने 150वीं बार रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया।

## तीन माह से नहीं लगा बिजली का खंभा, लटकती तारों से खतरा

महम। महम के धर्मा कॉलोनी, इमलीगढ़, हुड्डा पार्क के समीप रहने वाले लोगों ने लगभग तीन महीने पहले 13 को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ को गली में नया बिजली का खंभा लगाने के लिए लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के साथ बिजली उपभोक्ता का विवरण भी विभाग को उपलब्ध कराया गया था, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गली में बिजली का सबसे नजदीकी खंभा लगभग 300 फुट दूर है। इसी कारण एक ही पोल से लंबी दूरी तक केबल खींचकर बिजली आपूर्ति की जा रही है। लंबे स्पैन के कारण तार नीचे झूल रहे हैं, जिससे बच्चों, राहगीरों और आसपास के लोगों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। निवासियों का कहना है कि लंबे तारों के कारण कई बार लो वोल्टेज की समस्या भी आती है और तेज हवा या बरसात के समय तार टूटने अथवा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश शर्मा ने बिजली विभाग से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए गली में जल्द से जल्द नया बिजली का खंभा लगाया जाए, ताकि बिजली आपूर्ति सुरक्षित और व्यवस्थित हो सके तथा भविष्य में किसी दुर्घटना की संभावना न हो।

## एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने का आज अंतिम मौका



रोहतक। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सभी पात्र मतदाताओं से बिना देरी किए फॉर्म जमा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। जिला प्रशासन ने बीएलओ के माध्यम से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, ताकि मतदाताओं को कोई परेशानी न हो। उपायुक्त ने लोगों से अपने परिवार और आसपास के पात्र मतदाताओं को भी समय रहते फॉर्म जमा कराने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

---

## डेढ़ लाख एकड़ में से 70 प्रतिशत से अधिक रकबा अब भी खाली

*आगामी चार पांच दिन बारिश के आसार कम*

# पछुआ हवा से कमजोर पड़ा मानसून धान की रोपाई पर संकट गहराया

- बार-बार सिंचाई से बढ़ रही लागत, नहरों और नलकूपों पर बढ़ी निर्भरता
- कृषि विभाग की सलाह उपलब्ध पानी का करें संतुलित उपयोग, खेतों में बनाए रखें नमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जुलाई के दूसरे सप्ताह में मानसून की रफ्तार थमने से जिले में धान की रोपाई प्रभावित होने लगी है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिन तक भी अच्छी बारिश की संभावना कम है। पछुआ हवाओं के प्रभाव से मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ गई हैं। इसका सीधा असर खेती-किसानी पर दिखाई देने लगा है। खेतों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, जबकि जिन किसानों ने पहले रोपाई कर दी थी, उनकी फसल भी तेज गर्मी के कारण परेशानी झेल रही है। रविवार को 9 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली।

#### फसल की शुरुआती बढ़वार प्रभावित

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल पछुआ हवाओं का प्रभाव बना हुआ है। यही कारण है कि मानसूनी बादल हरियाणा की ओर सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं। अगले चार से पांच दिन तक व्यापक और अच्छी बारिश की संभावना कम है। हालांकि कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन उससे खेती को विशेष राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि उपलब्ध पानी का संतुलित उपयोग करें और रोपाई के बाद खेतों में आवश्यक नमी बनाए रखने का प्रयास करें। यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो धान की रोपाई और फसल की शुरुआती बढ़वार दोनों प्रभावित हो सकती हैं, जिसका असर आगे चलकर उत्पादन पर भी पड़ सकता है।

#### 25 से 30% रकबे में ही रोपाई हो सकी

जिले में हर वर्ष करीब डेढ़ लाख एकड़ क्षेत्र में धान की खेती होती है। कृषि विभाग से जुड़े जानकारों के अनुसार अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत रकबे में ही रोपाई हो सकी है। सामान्य परिस्थितियों में जुलाई के मध्य तक अधिकांश क्षेत्र में रोपाई पूरी होने लगती है, लेकिन इस बार बारिश की कमी के कारण खेत खाली पड़े हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि धान की रोपाई के बाद शुरुआती दिनों में खेत में पर्याप्त नमी और अपेक्षाकृत कम तापमान जरूरी होता है। लगातार गर्म मौसम रहने से पौधों की जड़ों का विकास धीमा हो जाता है। इससे पौधे खेत में ठीक से स्थापित नहीं हो पाते और उनकी बढ़वार प्रभावित होती है।

*पूर्वांचल एकता सेवा समिति चुनाव*

## नामांकन प्रक्रिया पूरी, विभिन्न पदों के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में



रोहतक। पूर्वांचल एकता सेवा समिति, रोहतक के 26 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए दो दिवसीय नामांकन प्रक्रिया शनिवार और रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विभिन्न पदों के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में हैं। समिति के सदस्यों ने भाईचारे और उत्साह के साथ विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधान पद के लिए संजीव सिंह, मदन सिंह, रामाधार सिंह, सुबोध कुमार, महेश साहनी और अनुज कुमार ने नामांकन किया। सचिव पद के लिए बृज किशोर, विक्रांत, संजय प्रसाद और दिनेश कुमार चुनाव मैदान में हैं, जबकि खजांची पद के लिए कपिल देव, बाबूलाल महतो और पप्पू सिंह ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान विभिन्न उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। मदन सिंह के साथ पूर्व प्रधान रामएकबाल राय, पूर्व सचिव रणधीर राय, गोपाल झा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। वहीं, संजीव सिंह, दिनेश कुमार और पप्पू सिंह के समर्थन में भी बड़ी संख्या में समिति के सदस्य पहुंचे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नामांकन की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। अब 26 जुलाई को मतदान के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।